an>

Title: Need to open new sections from class first to tenth in Kendriya Vidyalaya, BSF, Chakur in Latur Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): मेरे लातुर संसदीय क्षेत्र तथा इसके आसपास के इलाकों में ऐसे अनेकों छात्र - छात्राएं हैं जो केन्द्रीय विद्यालय, बीएसएफ, चाकूर में दाखिला लेने के पात्र हैं परन्तु क्षमता कम होने के कारण ऐसे सभी छात्रों का केन्द्रीय विद्यालय, चाकूर में दाखिला हो पाना संभव नहीं हो पा रहा है। कुछ समय पहले मैंने यह प्रस्ताव दिया था कि कक्षा एक से दस तक में प्रत्येक कक्षा में एक-एक सेक्शन की वृद्धि की जाए परन्तु जगह नहीं होने के कारण यह संभव नहीं हो पाया था। अब केन्द्रीय विद्यालय, बी एस एफ, चाकूर, महाराष्ट्र के नए भवन का निर्माण हो गया है तथा नया भवन इस स्कूल को उपलब्ध भी करवा दिया गया है। इस नए भवन में नये सेक्शन खोलने के लिए पर्याप्त कमरे उपलब्ध हैं।

अतः मेरा शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि केन्द्रीय विद्यालय, बीएसएफ, चाकूर में कक्षा एक से दस तक सभी कक्षाओं में एक-एक सेक्शन की वृद्धि किए जाने के आदेश शीघ्रातिशीघ्र जारी किए जाएं ताकि इस क्षेत्र के सभी योग्य छात्रों का केन्द्रीय विद्यालय, बीएसएफ, चाकूर में दाखिला होना संभव हो सके।